देहरादून में डाक विभाग की नई शुरुआत

चर्चा में क्यों?

6 जून, 2023 को उत्तराखंड के डाक सेवा निदेशक अनुसूया प्रसाद चमोला ने बताया कि डाक विभाग अब स्पीड पोस्ट व पार्सल को हवाई सेवा के माध्यम से दिल्ली पहुँचा रहा है। इसके लिये डाक विभाग ने एक हवाई कंपनी के साथ करार किया है। अभी तक यह काम ट्रेन के जरिये किया जाता था।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि डाक विभाग ने रेलवे के साथ मिलकर एक विशेष रेल मेल सर्विस (आरएमएस) शुरू की थी। इसके तहत देहरादून समेत पर्वतीय ज़िलों से दून स्थित मुख्य डाकघर में आने वाले स्पीड पोस्ट व पार्सल को दो ट्रेनों (मसूरी एक्सप्रेस/योगा एक्सप्रेस) के जरिये देहरादून से दिल्ली पहुँचाया जाता था। लेकिन, मसूरी एक्सप्रेस को दिल्ली पहुँचने में लंबा समय लगता है।
- इसे देखते हुए आरएमएस से मसूरी एक्सप्रेस को हटा दिया गया है। इसके बदले अब डाक विभाग एक हवाई कंपनी की फ्लाइट से स्पीड पोस्ट व पार्सल भेज रहा है। हालाँकि हरिद्वार से चलने वाली योगा एक्सप्रेस ट्रेन से स्पीड पोस्ट व पार्सल भेजे जा रहे हैं, लेकिन विभाग इस ट्रेन के स्थान पर भी दूसरी हवाई कंपनी का विकल्प तलाश रहा है।
- विदित है कि अभी फिलहाल उन पार्सल और डाक को हवाई सेवा के जरिये दिल्ली पहुँचाया जा रहा है जो महत्त्वपूर्ण हैं। जिसके चलते सप्ताह भर में पहुँचने वाली स्पीड पोस्ट व पार्सल कुछ ही दिन में लोगों तक पहुँच जा रही है। जबकि अन्य स्पीड पोस्ट व पार्सल को विभागीय वाहन से हरिद्वार पहुँचाने के बाद ट्रेन से अहमदाबाद पहुँचाया जा रहा है।
- जीपीओ में दिनभर में सौ से ज्यादा पार्सल बुक किये जा रहे हैं। इनमें वे भी पार्सल शामिल हैं जो विदेश जाने वाले होते हैं। जबकि दून समेत पर्वतीय इलाकों के अन्य डाक घरों में देशभर के लिये बुक होने वाले पार्सल भी देर शाम को जीपीओ ही आते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-initiative-of-postal-department-in-dehradun